le: Regarding request to convert four lane bridge of Jambua, Vishwamitri, Bamangam, Paur and Nana Fofadia, into six lane bridge.

श्रीमती रंजनबेन भट्ट (वडोदरा): सभापति महोदय, आपने मुझे शून्य काल बोलने का अवसर प्रदान किया है, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देती हूं। मैं आप माध्यम से सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री जी का अभिनंदन करना चाहती हूं उन्होंने मेरे वडोदरा लोकसभा मतक्षेत्र के दुमाड जंक्शन पर जो ट्रैफिक की समस् थी, उसके निवारण हेतु वहां ब्रिज बनाने की मंजूरी दी है और इसका शिलान्यास माननीय मंत्री जी ने किया है। इसके लिए मै माननीय मंत्री जी का अभिनंदन औ आभार प्रकट करती हूं। आदरणीय सभापति जी मै आपके माध्यम से माननीय मं जी को बताना चाहती हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र वडोदरा में नेशनल हाईवे नम्बर - 48 पुराने ब्रिज के संकीर्ण होने की वजह से यातायात कर रहे यात्रियों को काफी परेशा का सामना करना पड़ता है। अहमदाबाद से जिन यात्रियों को हाइवे से भरूच, सूर या मुंबई जाते हैं, वे चाहे टू-व्हीलर्स हों, फोर-व्हीलर्स हों या कोई अन्य ट्रांसपोर्ट साधन हों, उन सभी को वडोदरा से गुजरना पड़ता है। आदरणीय सभापति ज अहमदाबाद से वडोदरा, सूरत और मुंबई की ओर जाने वाला हाइवे छः लेन का लेकिन वडोदरा से भरूच के बीच जांबुवा और विश्वामित्री एवं पोर, बामनगाम औ नाना फोफड़िया, ये चारों नाले चार लेन के हैं, इसकी वजह से वडोदरा से भरूच बीच ट्रैफिक की गंभीर समस्या है। वहां करीबन एक-एक घंटे तक यात्रिओं ट्रैफिक जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है और सबसे ज्यादा ट्रैफिक समस्या एवं अकस्मात् विकट दुर्घटनाएं मेरे संसदीय क्षेत्र वडोदरा के जांबुवा ब्रिज प होती हैं।

आदरणीय सभापति जी, मैं आपके माध्यम से माननीय सड़क परिवहन ए राजमार्ग मंत्री जी से अनुरोध करना चाहती हूं कि यातायात के सुचारू प्रवाह के लि मेरे संसदीय मतक्षेत्र वडोदरा के जांबुवा, विश्वामित्री एवं बामनगाम, पौर और ना फोफड़िया के मौजूदा चार लेन ब्रिज को छह लेन ब्रिज में परिवर्तित एवं निर्मित कर की शीघ्र कार्यवाई करने की पहल करें ताकि मेरे संसदीय क्षेत्र से जाने वाले यात्रि को 10 कि.मी. लंबे ट्रैफिक जाम की समस्या से मुक्ति मिल सके। धन्यवाद।